राजस्थान में संकटग्रस्त प्रजाति में शामिल भेड़ियों के संरक्षण की योजना पर काम शुरु

रामगढ़ विषधारी, मुकुंदरा व हाड़ौती के जंगलों में भेड़ियों के आवास, वास्तविक संख्या और फैलाव का सर्वे शुरू

बूंदी, (निसं)। राजस्थान में संकटग्रस्त प्रजाति में शामिल भेड़ियों के संरक्षण की योजना पर वन विभाग ने काम शुरु किया है। राज्य में हाड़ौती के रामगढ़ विषधारी, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व व अन्य जंगलों में संकटग्रस्त भेड़ियों की उपस्थिति व फैलाव के स्थानों को चिह्नित करने का सर्वे शुरू कर दिया है। वन विभाग की वन्यजीव शाखा ने कोटा संभाग के सभी फील्ड स्टाफ, शोधकर्ताओं, वन्यजीव प्रेमियों, फोटोग्राफरों, छात्रों, संरक्षणविदों व ग्रामीणों से भेड़ियों से जुड़ी जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है। इसके लिए वन विभाग ने एक गूगल फॉर्म भी जारी किया है जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति भेड़ियों की मौजूदगी की सूचना दे सकता है।


फाईल फोटो

- राजस्थान में भेड़ियों की संख्या एक हजार से भी कम रह गई है लेकिन हाड़ौती क्षेत्र में भेड़ियों की उपस्थिति अच्छी संख्या में मौजूद हैं और इनकी संख्या बढ़ रही है
- रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के जैव विविधता से समृद्ध भीमलत व बांका भोपतपुरा के बफर क्षेत्र में दो साल से भेड़िया संरक्षण की योजना पर काम चल रहा है

गौरतलब है कि राजस्थान में भेड़ियों की संख्या एक हजार से भी कम रह गई है लेकिन हाड़ौती क्षेत्र में भेड़ियों की उपस्थिति अच्छी संख्या में मौजूद हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। वन विभाग सर्वे के माध्यम से भेड़ियों के फैलाव वाले इलाकों को मैप करने करने व संरक्षण की योजना पर काम कर रहा है। दोनों टाइगर रिजर्व के कोर व बफर क्षेत्रों में फोटोट्रेप कैमरों से भी भेड़ियों की मॉनिटरिंग कर रहा है।

भेड़ियों के आश्रयस्थल बने भीमलत व बरड़ के जंगल :- रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के जैव विविधता से समृद्ध भीमलत व बांका भोपतपुरा के बफर क्षेत्र में दो साल से भेड़िया संरक्षण की योजना पर काम चल रहा है। टाइगर रिजर्व की नवगठित भोपतपुरा रेंज में उपरमाल के पठार पर 800 हेक्टेयर के विशाल वन क्षेत्र को भेड़ियों व गिद्धों के संरक्षण क्षेत्र के रूप में चिह्नित कर काम शुरू कर दिये हैं। टाइगर रिजर्व के कोर प्रशासन ने बफर जोन में आने वाले इन महत्वपूर्ण जंगलों को बाघों के साथ साथ अन्य वन्यजीवों के अनुकूल बनाने की पूरी तैयारी कर ली है तथा उम्मीद है कि जल्दी ही इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। योजना के तहत टाइगर रिजर्व क्षेत्र की भोपातपुरा रेंज में भीलवाड़ा जिले के बांका, भोपातपुरा, जलिन्द्री, सुंठी, भड़क्या माताजी का नाला, सीताकुंड तथा बून्दी जिले के भीमलत व मुंडेड़ वन खंड को इनके संरक्षण के लिए सबसे अच्छे जंगल माना गया है। यहां पर भीमलत की प्राकृतिक वादियां, बाणगंगा नदी के पास भाला का जंगल, भोपातपुरा के पास भड़क्या माताजी का जंगल व गरड़दा व अभयपुरा बांधों के बीच मुंडेड़ का पठार भेड़ियों व गिद्धों के संरक्षण स्थल के रूप में विकसित किए गए हैं। मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में बूंदी जिले के जवाहर सागर अभयारण्य में भी भेड़ियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। यहां पर वन विभाग की मेहनत का परिणाम भी नजर आने लगा है तथा भेड़ियों के झुंड नजर आने लगे हैं। जल्दी ही भीमलत व गराड़िया महादेव क्षेत्र में टाइगर सफारी भी शुरू होने की संभावना है जिससे यहां आने वाले पर्यटक बाघों के साथ साथ भेड़ियों व गिद्धों का भी दीदार कर सकेंगे। अब पूरे हाड़ौती संभाग में विभाग ने इस महत्वपूर्ण वन्यजीव संरक्षण की योजना पर कार्य शुरू कर दिया है जिसमें ग्रासलैंड के साथ साथ वन्यजीवों की संख्या बढ़ेगी व इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

राजस्थान में बचे केवल 771 भेड़िए :- राजस्थान वन विभाग की 21 जुलाई 2024 की आधिकारिक वन्यजीव गणना में भेड़ियों की संख्या मात्र 771 दर्ज हुई है जिनमें संरक्षित वन क्षेत्र में 299 जबकि अन्य इलाकों में 472 दर्ज हुए हैं जो चिंता का विषय है। हालांकि यह गणना वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सटीक नहीं है, लेकिन आंकड़े इस प्रजाति के संकटग्रस्त होने के संकेत देते हैं। भेड़ियों की राजस्थान में घटती संख्या के कारण इसे वन्यजीव अधिनियम के शेड्यूल प्रथम में शामिल किया गया है।

टी मोहन राज, वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व-कोटा का कहना है कि हाड़ौती क्षेत्र के जंगलों में भेड़ियों के वास स्थानों, उनकी वास्तविक संख्या, उनके प्रे बेस की उपलब्धता व व्यवहार का अध्ययन करने के लिए आमजन व वन्यजीव प्रेमियों के माध्यम से एक व्यापक सर्वे शुरू किया है। सर्वे से प्राप्त परिणाम व वन विभाग के डाटा के आधार पर भेड़ियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संरक्षण व संवर्धन के लिए संरक्षण योजना तैयार की जाएगी।

सीकर में चार लाख की एमडी ड्रग के साथ तस्कर गिरफ्तार

आरोपी सीकर में ही चार किलो अफीम तस्करी के मामले में एक साल से फरार था

सीकर, (निसं)। सीकर की कोतवाली थाना पुलिस ने चार लाख रुपए की एमडी ड्रग के साथ दो हजार के इनामी तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी सीकर में ही चार किलो अफीम तस्करी के मामले में करीब एक साल से फरार था। आरोपी नेपाल में फरारी काटने के बाद सीकर आ गया। यहां वह अपनी एक्सीडेंट हुई गाड़ी को ठीक करवाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उसे पकड़ लिया गया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- नेपाल में फरारी काटने के बाद सीकर आ गया था आरोपी, जो कि यहां वह अपनी एक्सीडेंट हुई गाड़ी को ठीक करवाने के लिए जा रहा था, तभी पुलिस ने पकड़ लिया

कोतवाली पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया। कोतवाली थाना एसएचओ सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि आरोपी की पहचान हरिराम जाट (35) पुत्र पालचंद जाट निवासी बाठोद, फतेहपुर के रूप में हुई है। हरिराम के कब्जे से 98.40 ग्राम एमडी मिली है। जिसकी मार्केट वैल्यू करीब 4 लाख रुपए के लगभग है। आरोपी हरिराम जाट करीब 1 साल से नेपाल में फरारी काटने के लिए चला गया। शनिवार शाम डीएसटी टीम को सूचना मिली कि आरोपी नेहरू पार्क की तरफ से अपनी क्षतिग्रस्त हुई स्विफ्ट गाड़ी को लेकर सीकर शहर की तरफ आ रहा है। ऐसे में कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची जहां पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह माल कहां से लेकर आया और कहां इसकी सप्लाई होनी थी। फिलहाल अब इस मामले की जांच उद्योग नगर एसएचओ राजेश कुमार बुडानिया कर रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरिराम और इसके साथी पिछले लंबे समय से अफीम और एमडी की तस्करी का काम करते हैं। अब इस तस्करी के नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

रिटायर्ड पुलिस निरीक्षक ने आत्महत्या की

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। गांधीनगर थाना अंतर्गत नाथी का जाव निवासी रिटायर्ड पुलिस निरिक्षण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या किन कारणों से की है, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका।

मृतक सेवानिवृत सी आई महावीर सिंह राठौड़ (65) पुत्र मूलसिंह है। पुलिस के अनुसार वह नाथी का जाव स्थित मकान में अकेले ही रहा करते थे। मृतक महावीर सिंह सुबह घर वालों को किशनगढ़ आने का मैसेज कर फिर फांसी के फंदे पर लटक गये। बताया जाता है कि सुसाइड नोट में स्वेछा से यह कदम उठाने के साथ घर वालों को अच्छे से से रहने का संदेश दिया। गौरतलब है 1921 में सेवानिवृत महावीर सिंह वह लम्बे अंतराल से अजमेर कोतवाली थाना में सिपाही से उपनिरीक्षक पद तक पर पदस्थापित रहे। बाद थांवला कोटपूतली सहित अन्य पुलिस थानो में सेवा दे चुके थे।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में तीन गिरफ्तार

पुलिस ने जंगलों और खदानों में छिपे आरोपियों को पकड़ा

बूंदी, (निसं)। जिले के डाबी थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बूंदी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आसूचना संकलन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को तलाश कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। वहीं पुलिस ने मामले में आगे की जांच शुरु की है।

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि तालेड़ा वृताधिकारी गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में डाबी थानाधिकारी हेमराज शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जंगलों और खदानों में पहचान छिपाकर रह रहे तीनों वांछित आरोपियों को डिटेन किया। अनुसंधान के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर गोविन्दा उर्फ गोविन्द, धर्मराज तथा प्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

भरतपुर जिले की 41 अन्नपूर्णा रसोइयां बंद, आठ महीने से नहीं हुआ भुगतान

अनुदान राशि नहीं मिलने से रसोई संचालक परेशान

भरतपुर, (निसं)। गरीब और जरूरतमंद लोगों को कम कीमत पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित अन्नपूर्णा रसोई योजना पर भरतपुर जिले में संकट गहराता नजर आ रहा है। जिले की 41 अन्नपूर्णा रसोइयों के बंद होने से जरूरतमंद लोगों के सामने सस्ते भोजन की उपलब्धता का सवाल खड़ा हो गया है। रसोई संचालकों का कहना है कि पिछले आठ महीने से अनुदान राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इसके चलते रसोइयों का संचालन करना बेहद मुश्किल हो गया और आखिरकार रसोई बंद करने की नौबत आ गई।

अन्नपूर्णा रसोइयों का संचालन करने वाले संचालकों के सामने सबसे बड़ी समस्या आर्थिक संकट की है। रसोई संचालन के लिए खाद्य सामग्री, रसोई गैस, कर्मचारियों के मानदेय, बिजली-पानी और अन्य जरूरी खर्चों की लगातार आवश्यकता होती है। इन खर्चों को पूरा करने के लिए नियमित अनुदान भुगतान जरूरी है। रसोई संचालकों के अनुसार, आठ महीने से भुगतान नहीं होने के कारण उन पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता गया। शुरुआत में उपलब्ध संसाधनों और उधार के सहारे व्यवस्था चलाने की कोशिश की गई, लेकिन लंबे समय तक भुगतान नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति बिगड़ती चली गई। अब हालात ऐसे हो गए कि रसोई संचालन जारी रखना मुश्किल हो गया।

अन्नपूर्णा रसोई योजना का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को सस्ती दर पर भोजन उपलब्ध कराना है। मजदूर, दैनिक वेतन पर काम करने वाले लोग, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सदस्य और अन्य जरूरतमंद लोग ऐसी रसोइयों पर निर्भर रहते हैं। रसोइयों के बंद होने से इन लोगों को सस्ते भोजन के लिए दूसरे विकल्प तलाशने पड़ सकते हैं। जिन लोगों के लिए सीमित आमदनी में दो वक्त की रोटी जुटाना भी चुनौती है, उनके लिए भोजन पर अतिरिक्त खर्च करना परेशानी बढ़ा सकता है। योजना का उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है, जब रसोइयों का संचालन नियमित रूप से हो और उन्हें समय पर आवश्यक आर्थिक सहायता मिले। भुगतान में लंबे समय तक देरी होने से योजना के संचालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।


नाबालिग लड़की लापता

सीकर, (निसं)। सीकर में 16 साल की नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। सुबह परिजन जागे तो नाबालिग गायब मिली। घर से 80 हजार रुपए और जेवरात भी गायब मिले। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नाबालिग की मां ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनकी 16 साल की नाबलिग बेटी जन्म से ही अपने ननिहाल में रह रही थी। 30 अक्टूबर की रात में वह खाना खाकर सो गई। 31 अक्टूबर को सुबह जब परिवार के लोग जागे तो वहां पर बेटी नहीं मिली। जब नाबालिग की मां अपने पीहर आई तो उन्होंने देखा कि नाबालिग के डॉक्यूमेंट भी घर पर नहीं है।

18 लाख रुपये की स्मैक जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। डीएसटी ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई की है। डीएसटी टीम ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में स्मैक बरामद की है एवं एनबीसी फैक्ट्री के सामने से दो शातिर तस्करों को अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित धर दबोचा है।

- दोनों तस्कर अवैध स्मैक को जयपुर के सांगानेर में बेचने के लिए ले जा रहे थे


डीएसटी ने भारी मात्रा में स्मैक बरामद की।

डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश जाट ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में ड्रग्स व अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 92 ग्राम अवैध स्मैक जब्त की है।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय व स्थानीय बाजार में जब्त अवैध स्मैक की अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये है। डीएसटी ने आरोपी जयराज बैरवा पुत्र रामकिशन व विकास बैरवा पुत्र बनवारी लाल दोनों निवासी अलीपुरा, पुलिस थाना मेहंदवास को गिरफ्तार करके दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

उन्होंने बताया कि दोनों तस्कर अवैध स्मैक को जयपुर के सांगानेर में बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस आरोपितों के नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है।

घर में घुसे तीन चोर, एक आरोपी को दबोचा

पावटा, (निसं)। क्षेत्र में चोरी की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां देर रात तीन लोग एक मकान में चोरी करने की नीयत से घुस गए। इसी दौरान मकान मालिक की नींद खुल गई और उसने एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए।

पीड़ित मदनलाल सैनी पुत्र फूलचंद सैनी ने प्रागपुरा पुलिस थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि देर रात करीब तीन व्यक्ति उसके घर में चोरी करने के इरादे से घुसे थे। जाग होने पर उसने साहस दिखाते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी। पकड़े गए युवक की पहचान विक्की के रूप में बताई गई है।

कोटा में 11 किलो अवैध गांजा सहित आरोपी को पकड़ा

बिलासपुर से कोटा तक ट्रेन में युवक को गांजा लेकर आने की सूचना मिली थी

कोटा, (निसं)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत् केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 11.940 किलोग्राम गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिलासपुर से कोटा तक ट्रेन संख्या 20845 में सवार होकर अवैध रूप से गांजे का परिवहन कर रहा है। सूचना पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो भवानीमंडी सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके के लिये रवाना किया गया। गठित टीम ने कोटा रेलवे जंक्शन पर निगरानी एवं कार्रवाई की व्यवस्था की, साथ ही दो अधिकारियों ने भवानीमंडी रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान करने तथा उस पर लगातार निगरानी रखने की जिम्मेदारी संभाली। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि कोटा जंक्शन के निकट ट्रेन के आउटर सिग्नल पर रुकने के दौरान संदिग्ध व्यक्ति ट्रेन से उतरकर रेलवे पटरियों के रास्ते बाहर निकलने का प्रयास करने लगा। इस पर ट्रेन में तैनात अधिकारियों एवं रेलवे परिसर के बाहर मौजूद टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे गेट संख्या 108 के पास संदिग्ध व्यक्ति को डिटेन किया। गठित टीम के अधिकारियों ने रेलवे कर्मचारियों एवं गवाहों की उपस्थिति में तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद दो बैगों में रखे 6 पैकेटों में से 11.940 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। टीम ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा को जब्त किया।

अचेत अवस्था में मिले युवक की मौत

अलवर, (निसं)। शहर के अखैपुरा थाना क्षेत्र में अशोक टॉकीज के पास शनिवार देर शाम एक 42 वर्षीय युवक अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी अनुसार मृतक की पहचान अशोक कुमार जांगिड़ (42) पुत्र रामकिशोर निवासी नापा पाड़ा, थाना बहतुकला, अलवर के रूप में हुई है। मृतक के भाई दीपक ने बताया कि अशोक 24 तारीख को मतदान करने के बाद अलवर आया था। वह यहां फर्नीचर का काम करता था। परिजनों के अनुसार अशोक कुमार शराब पीने का आदी था। शनिवार देर शाम वह अशोक टॉकीज के पास अचेत अवस्था में मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल लेकर आई।

जोधपुर के ग्राम भावी में मतदान प्रक्रिया स्थगित करने व विवाद के बाद पुलिस एक्शन मोड में

पुलिस ने मामले में भीड़ का नेतृत्व कर रहे छात्रनेता सुनील चौधरी सहित कई लोगों को हिरासत में लिया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के बिलाड़ा तहसील के भावी में मतदान प्रक्रिया स्थगित करने और शनिवार रात को हुए विवाद के बाद पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस ने मामले में भीड़ का नेतृत्व कर रहे छात्रनेता सुनील चौधरी सहित कई लोगों को हिरासत में लिया है। मामले में पुलिस मतदान केंद्र के फुटेज चेक कर रही है। वहीं मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन भी किया है।

- पुलिस मतदान केंद्र के फुटेज चेक कर रही है, मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन भी किया गया है
- 'आज होने वाले मतदान को लेकर पुलिस ने एसटीएफ रिजर्व जाब्ता के अलावा पाली से भी टीमें बुलाई है'

इसे लेकर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पंकज यादव ने बताया कि इस मामले में भीड़ का नेतृत्व कर रहे सुनील चौधरी और अन्य को डिटेन किया है। कई पुलिस अधिकारी और कॉन्स्टेबल को भी चोट लगी है, जिनका इलाज किया जा रहा है। पंकज यादव ने कहा कि जिन लोगों हुड़दंग किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं 2 नवंबर, सोमवार को होने वाले मतदान को लेकर उन्होंने बताया कि पुलिस ने एसटीएफ रिजर्व जाब्ता के अलावा पाली से भी टीमें बुलाई हैं। आरएसी भी तैनात की जाएगी। घटनाक्रम में पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहा है। फ्लैग मार्च भी निकाला जाएगा। इसमें प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल रहेंगे। साथ ही कहा कि मतदान प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण एसपी पंकज यादव ने बताया कि भावी ग्राम पंचायत के चुनाव में एक बूथ पर मतदान के दौरान मतदान केंद्र से अनधिकृत रूप से मतपत्र बाहर ले जाए गए थे। इस पर एजेंटों के आपत्ति जताने पर मतपत्र वापस लाए गए। इसमें पाया गया कि एक प्रत्याशी के नाम से मोहर लगी हुई थी। इसके बाद वहां अन्य बूथ के ग्रामीण भी धरने पर बैठ गए थे। मामले में रिटर्निंग ऑफिसर की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करवाई है। वहीं मामले की जांच के लिए डिप्टी एसपी मनीष देव के नेतृत्व में एसआई टी का गठन भी किया गया है। इसमें साइबर एक्सपर्ट, पूछताछ के लिए भावी गांव में भी अपनी टीमें भेजी है।

उन्होंने बताया कि घटना को लेकर सुनील चौधरी रात करीब 8 से 8:30 बजे के बीच 500-600 लोगों को लेकर बिलाड़ा थाने पहुंचा और थाने का घेराव कर दिया। इस पर पुलिस ने बातचीत करके समझाइश के प्रयास शुरू किए। रात 11:30 बजे सुनील ने उत्तेजित होकर एक बोतल निकाली, जिसमें संभवत: कोई ज्वलनशील पदार्थ था, जिसे अपने ऊपर छिड़का और थाने में भीड़ के साथ प्रवेश करने का प्रयास किया। पुलिस वालों के साथ धक्का-मुक्की की। इसमें पुलिस द्वारा न्यूनतम बलप्रयोग किया। इन्हें थाने से बाहर खदेड़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान पुलिस पर पत्थर फेंके गए। इसमें कई पुलिस अधिकारी और जवान चोटिल हो गए। हालात संभालने के लिए पुलिस ने गैस गन का प्रयोग किया। वहीं लाठीचार्ज भी किया गया। जो भीड़ थी, उसे तितर-बितर किया गया। इसके बाद ये लोग हाइवे पर बैठने का प्रयास भी करने लगे, जिन्हें वहां से भी हटाया गया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर शांति स्थापित की।

हादसे में बाइक सवार छात्र की मौत, दो घायल

कोटा, (निसं)। रानपुर थाना इलाके के जगपुरा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार तीन छात्र घायल हो गये। घायल हुए छात्रों में से एक छात्र ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मंडाना से तीन छात्र बाईक से निजि कोचिंग के लिये कोटा आये और वापस जाते समय जगपुरा के समीप अज्ञात वाहन ने बाईक को टक्कर मार दी, हादसें में घायल हुए तीन छात्रों में से एक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। रानपुर थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि मंडाना निवासी सावन मीणा अपने दो मित्र रितेश व रविन्द्र के साथ बाईक से निजि कोचिंग के लिये कोटा आया और वापस कोटा से मंडाना की ओर जाते समय जगपुरा के समीप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल तीनों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मंडाना निवासी सावन मीणा ने दम तोड़ दिया। थानाधिकारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

सीकर में तापमान 15 डिग्री से नीचे पहुंचा

सीकर, (निसं)। सीकर में मौसम में बदलाव नजर आ रहा है। अब रात के समय हल्की सर्दी शुरू हो गई है। यहां रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। फिलहाल एक सप्ताह मौसम ड्राई रहने का अनुमान है।

सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री दर्ज किया गया है। इससे पहले यहां शनिवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री और अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री दर्ज किया गया था। शनिवार को पूरे दिन मौसम साफ रहा। हालांकि दोपहर के समय धूप में थोड़ी सी तेजी थी। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक प्रदेश के मौसम में पिछले दिनों एक्टिव हुए चक्रवात का असर अब खत्म हो चुका है। अब सीकर सहित प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अगले करीब एक सप्ताह तक मौसम ड्राई रहने वाला है सीकर में अब एक सप्ताह तक मौसम को लेकर कोई भी अलर्ट नहीं है।

GOVIND GURU TRIBAL UNIVERSITY
Office of Director Research
Banswara(Raj.)-327001, Email: dr.phd2018@gmail.com

Ref. No.F./GGTU/Ph.D/RET/2026/1674 Date: 28-10-2026

NOTIFICATION-IV

Reopening of the Online Application Portal for Ph.D. Admission-2026

In continuation of the University Notification **dated 29.06.2026** regarding Ph.D. Admission-2026, it is hereby notified that the online application portal for Ph.D. **Admission- 2026** is being reopened, and eligible candidates may submit their online applications up to **25.11.2026.** Eligible candidates are advised to submit their applications online through the University's official **website: www.ggtu.ac.in.** All other terms and conditions stipulated in the original notification shall remain unchanged.

Director (Research)
Govind Guru Tribal University Banswara (Rajasthan)